ऊर्जा दिवस पर राजस्थान सरकार द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ को "राजस्थान ऊर्जा संरक्षण अवॉर्ड - 2014"

ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में ब्रह्माकुमारीज़ के उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए राजस्थान सरकार द्वारा ऊर्जा संरक्षण दिवस पर राजधानी जयपुर में संस्थान के एनर्जी ऑडीटर बी. के. केदार भाई को "राजस्थान ऊर्जा संरक्षण अवॉर्ड - 2014" से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड राजधानी जयपुर स्थित भगत सिंघ सभागार में माननीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री पुष्पेंदर सिंघ जी द्वारा दिया गया। ब्रह्माकुमारीज संस्थान के *BKENCON (Brahma Kumaris Energy Conservation Initiative) Sustainability Team* की तरफ से बी. के. यशवंत जी ने इस अवॉर्ड को स्वीकार किया।

मुख्य प्रयास

तकनीकी दुनिया की दिग्गज कम्पनी एल एण्ड टी एवं ब्रह्माकुमारीज़ के मध्य सतत विकास हेतु इस साल जनवरी माह में एक एम. ओ. यू. साईन किया गया था, जिसके अंतर्गत संस्था के भिन्न-भिन्न विभागों में एल एण्ड टी के तकनीकि सहयोग से कुछ सर्वे किये गये इसके साथ-साथ AIEMP (Association of Indian Energy Management Professionals) के साथ एनर्जी ऑडिट के लिए भी एम. ओ. यू. हुआ था। इन दोनों संस्थाओं के सहयोग से परिसर के अंदर तथा आसपास के

क्षेत्र में विभिन्न प्रयास किये गये गिये जिसमें से निमिन्न लिखित उल्लेखनीय हैं:-

* बिजली विभाग द्वारा शांतिवन, मनमोहिनी वन और ग्लोबल अस्पताल में एनर्जी ऑडिट

* ऊर्जा बचत करने वाले टयूब लाईटस् एवं LED बल्ब का इस्तेमाल

* शान्तिवन में ऊर्जा दिवस पर कार्यक्रम

* रेडियो मधुबन द्वारा समाज में ऊर्जा जागृति अभियान सप्ताह एवं प्रचार प्रसार

* संस्था द्वारा आबूरोड व आसपास के क्षेत्र में ऊर्जा बचत प्रदर्शनियां

बिजली है शक्ति इसे व्यर्थ न गंवाये

ऊर्जा बचत करें पर्यावरण मित्र बनें